कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

<u>*प्रेस नोट*</u>

<u>*दिनांक-20.01.2025*</u>

<u>विषयः--"ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के अन्तर्गत थाना सिन्धोरा पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाले दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद बाइबिल पुस्तक, 03 अदद प्रार्थना की पुस्तक, 01 अदद छोटी डायरी बरामद।</u>

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.01.2025 को थाना सिन्धोरा पुलिस द्वारा वर्तमान में चल रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के अन्तर्गत चेंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दीनदासपुर चट्टी के पास से बहला-फुसलाकर, लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 18/2025 धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 में वांछित अभियुक्त नन्दलाल पुत्र राम नरेश, नि0 मझवा, थाना सिन्धोरा, वाराणसी उम्र लगभग 46 वर्ष व कौशल पटेल पुत्र मंगला प्रसाद, नि0 SH/1/159 नरायनपुर भोजूबीर, थाना शिवपुर, वाराणसी उम्र लगभग 30 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से एक झोले में 01 अदद बाइबिल पुस्तक, 03 अदद प्रार्थना की पुस्तक, 01 अदद डायरी बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे धर्म गुरु हैं और बरामद पुस्तकों का उपयोग लोगों को प्रार्थना कराकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने में करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने कल दिनांक 19/01/2025 को बसंतपुर की दो महिलाओं को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

1.नन्दलाल पुत्र राम नरेश, नि0 मझवा, थाना सिन्धोरा, वाराणसी उम्र लगभग 46 वर्ष।

2.कौशल पटेल पुत्र मंगला प्रसाद, नि0 SH/1/159 नरायनपुर भोजूबीर, थाना शिवपुर, वाराणसी उम्र लगभग 30 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण—</u>

01 अदद बाइबिल पुस्तक, 03 अदद प्रार्थना की पुस्तक, 01 अदद छोटी डायरी बरामद।

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

मु0अ0सं0 18/2025 अंतर्गत धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 रामानन्द यादव थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रवीण पाण्डेय, थाना सिंधोरा वाराणसी।

3. का0 शिवशकर सिंह चौहान, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी